लखनऊ में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियां जोरों पर, पीएम नरेंद्र मोदी भी कार्यक्रम में होंगे शामिल

Author: **Anurag Gupta**

Publish Date: Tue, 24 May 2022 08:20 PM (IST) | Updated Date: Wed, 25 May 2022 06:39 AM (IST)

यूपी में योगी सरकार गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन जून को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करने जा रही है। इसमें 75000 करोड़ से अधिक की 1500 परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

लखनऊ, जागरण संवाददाता। लगातार दूसरी बार सत्ता में आने वाली योगी सरकार इस बार भी राज्य को विकास के पथ पर दौड़ाने के लिए तीसरी बरार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करने जा रही है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए करीब 75 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाने की उम्मीद है।

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन जून को होने वाले आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा सहित पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव के अलावा अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर सहित तमाम अधिकारी मौजूद थे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड में ब्रेकिंग सेरेमनी में देश के प्रमुख उद्यमियों से मुलाकात तो करेंगे ही साथ ही उनके साथ एक खास फोटो शूट की भी व्यवस्था की जा रही है, जो लखनऊ के लिए काफी यादगार रहेगा। सुरक्षा एजेंसियों के भी अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के मुताबिक ग्राउंटब्रेकिंग सेरिमनी में प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों और कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के अलावा देश के उद्योग जगत की तमाम नामचीन हस्तियां भी मौजूद रहेंगे। ऐसे में तय समय से पहले ही तैयारियों को पूरा कर लिया जाएगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 75000 करोड़ से अधिक की 1500 परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। 21 हजार करोड़ निवेश राशि की परियोजनाएं केवल आईटी एवं इलेक्ट्रनिक्स सेक्टर की हैं जबकि एमएसएमई, टेक्सटाइल, पर्यटन, ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, खाद्य सुरक्षा और औषधि सेक्टर से जुड़ी अनेक परियोजनाओं को भी शुरू करने की तैयारी है। लखनऊ वालों के लिए तो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी इस बार भी बेहद खास होने वाली है । लखनऊ में भी कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखे जाने की उम्मीद है।